एक नजर में

कामता प्रसाद नागर का निधन

पचोर 28 अगस्त, सं. पुलिस थाना स्थित शिव मंदिर, श्री हनुमान मंदिर के पुजारी श्री कामता प्रसाद नागर का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया. श्री कामता प्रसाद नागर कुलदीप नागर के पिताजी, एवं शैलेन्द्र के चाचा, दीपक शर्मा पटवारी, रवि शर्मा के ताऊजी थे. स्थानीय मुक्ति धाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया. उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको, जनप्रतिनिधियो, सामाजिक बंधुओ ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की. मुखाग्नि उनके पुत्र कुलदीप नागर एवं परिजनों ने दी.

मन की राखी ठाकुर जी के चरणों में बांधो

सुठालिया 28 अगस्त, सं. गुरुवार को नगर के सेलिब्रेशन गार्डन में आयोजित एक दिवसीय भागवत कथा सत्संग के दौरान कथा वाचक प्रेमनारायण जी गेहूखेड़ी वाले ने रक्षाबंधन पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला .उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का बंधन नहीं है, ये पवित्र त्योहार है. इसे पूरे उत्साह से मनाएं, पकवान खाएं, मिठाई खाएं, राखी बांधें, लेकिन इसके साथ-साथ आध्यात्मिक त्योहार मनाने की भी प्रेरणा लें. हम सत्संग के माध्यम से चाहते हैं कि भगवान कृपा करें और हम सबके मन की राखी ठाकुर जी के चरणों में बंध जाए. कथा के दौरान मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, भाजपा नेता जगदीश पंवार सहित बड़ी तादाद में महिला पुरुष मौजूद थे.

युवा ऊर्जा को सही दिशा मिले तो राष्ट्र निर्माण को मिलेगी नई ताकत

ब्यावरा 28 अगस्त, का. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं के सामने राष्ट्र निर्माण, परिवार के संस्कार, स्वावलंबन, डिजिटल दौर की चुनौतियों और सामाजिक जिम्मेदारियों को लेकर व्यापक वैचारिक विमर्श हुआ. मुख्य वक्ता प्रांत सह कार्यवाह संतोष मीणा ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ऊर्जा है. इस ऊर्जा को सही दिशा और सकारात्मक गति मिल जाए तो युवा राष्ट्र निर्माण की मजबूत ताकत बन सकता है. संतोष मीणा ने कहा कि युवा की पहली योग्यता उसकी देशभक्ति है. अमीर या गरीब होना उसकी क्षमता का अंतिम पैमाना नहीं है.

कमिश्नर ने 4 को नोटिस थमाए

खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र खत्री भी नपे

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 28 अगस्त, का. शासकीय कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कमिश्नर ने खुद एक्शन लिया है. इसमें जिले के 4 बड़े अधिकारियों के नाम शामिल है. संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर संभाग के चार अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं. ये सभी अधिकारी राजगढ़ जिले के हैं, जिनके विरूद्ध कलेक्टर द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने संबंधी जानकारी संभागायुक्त को दी गई थी.

जिले के उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डी.आर. अहिरवार को सीएम हैल्प लाइन में वांछित प्रगति नहीं होने, जिला कोषालय अधिकारी प्रहलाद डोडरिया को बैठकों में अनुपस्थित रहने, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह खत्री को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन नहीं होने तथा परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सुठालिया परियोजना को आंगनवाड़ी केन्द्र का समुचित संचालन नहीं पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं.

जन-विश्वास अभियान आज

राजगढ़ 28 अगस्त, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार राजगढ़ जिले में मुख्यमंत्री जन - विश्वास अभियान 07 अगस्त से 08 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा. जिले के समस?ित विकासखण्डों में अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित क्लस्टरों में भ्रमण, निरीक्षण, जनसंवाद एवं उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. 29 अगस्त को जिले राजगढ़ अंतर्गत विकासखंड खिलचीपुर में अभियान के तहत भ्रमण, निरीक्षण, जनसंवाद एवं उद्यम संवाद आयोजित किया जाएगा. इस क्लस्टर में ब्यावराकलॉ व जैतपुराकला के ग्राम अमानपुरा, बावडीजागीर बिसन्या, देवाखेडी, दिलावरी, दौलाज, फतेहपुर, गादियामेर, गुर्जरखेडी, जामोन्या, जैतपुराकलॉ खुरचन्याकला, रूपारेल, अमावता, ब्यावराकला, धुआखेडी, दुंदाहेडी, गाडाहेट, गुगाहेडा, गुनाखेडी, हालाहेडी, कछोटिया, कालीहेडा, कुआखेडा, नाटाराम एवं सोनखेडाकलॉ ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं.

ट्रक में आग लगाकर एक्सीडेंट दिखाने की कोशिश

260 क्विंटल सोयाबीन भी गायब, सारंगपुर के ट्रक मालिक समेत तीन पर केस दर्ज, ड्राइवर हिरासत में

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 28 अगस्त, का. सोयाबीन से भरा ट्रक देवास जिले के कन्नौद थाना क्षेत्र में खाई में गिर गया. इसके बाद उसमें आग लग गई. ट्रक आगर जिले से महाराष्ट्र के लिए निकला था. घटना 23 अगस्त की है. बुधवार को पुलिस ने ट्रक मालिक समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. गुरुवार को ड्राइवर को हिरासत में लिया है. शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा.

ड्राइवर रईस को गुरुवार को हिरासत में लिया गया है. मामले को दुर्घटना (एक्सीडेंट) का रूप देकर एक्सीडेंट की एफआईआर लिखने का दबाव बनाने की कोशिश की थी. संदेह होने पर जांच की. इसी दौरान ट्रांसपोर्टर को बुलवाया. ट्रांसपोर्टर ने आगजनी की रिपोर्ट दर्ज कराई. जांच के दौरान सच सामने आया.

ट्रक मालिक ने दी खाई में गिरने की सूचना

23 अगस्त को शादाब ने गोविंद अग्रवाल को फोन पर बताया कि कन्नौद थाना क्षेत्र में सिया घाट पर ट्रक खाई में गिर गया है. उसमें आग लग गई है. जब गोविंद अग्रवाल मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि ट्रक के टायर जल रहे थे. दावा है कि घटनास्थल पर केवल 20-25 क्विंटल सोयाबीन बिखरी मिली, जबकि शेष 260 क्विंटल सोयाबीन नहीं थी. ट्रक को जानबूझकर खाई में गिराकर आग लगाने की आशंका जताई. गोविंद अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पूछने पर जान से मारने की धमकी दी गई. शिकायत के बाद कन्नौद पुलिस ने ट्रक मालिक शादाब निवासी सारंगपुर, ड्राइवर गोलू उर्फ शोएब निवासी सारंगपुर और ड्राइवर रईस पिता यूसुफ शाह निवासी धनाना, शाजापुर के खिलाफ केस दर्ज किया हैश रईस को बुधवार को हिरासत में लिया गया है.

फर्म मेसर्स गोविंद कुमार श्याम सुंदर के मालिक गोविंद अग्रवाल ने बताया कि 20 अगस्त को साउथ पंजाब रोडवेज खिलचीपुर ट्रांसपोर्ट से ट्रक क्रमांक एमपी 04 एचई 4288 में 320 बोरी, यानी लगभग 285 क्विंटल सोयाबीन हिंगलघाट भेजी गई थी. माल की कीमत करीब 20 लाख रुपए थी. ट्रक का 30 हजार रुपए भाड़ा दिया गया था. गोविंद अग्रवाल के अनुसार, 21 अगस्त को ट्रक ड्राइवर ने अकोदिया में वाहन खराब होने की सूचना दी. मरम्मत के नाम पर 5 हजार रुपए और लिए गए. 22 अगस्त को ट्रक मालिक शादाब ने बताया कि वाहन ठीक हो गया है. रात 12 बजे रवाना होगा.

नवाचार से बदली सोनखेड़ा कलां स्कूल की तस्वीर

राजगढ़ 28 अगस्त, का. जिले के शासकीय हाई स्कूल सोनखेड़ा कलां में जनसहयोग, नवाचार और समर्पित शिक्षकों के प्रयासों से शिक्षा का ऐसा सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है, जिसने विद्यालय को जिले के उत्कृष्ट शासकीय विद्यालयों की श्रेणी में पहचान दिलाई है. जिला मुख्यालय से लगभग 29 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय हाई स्कूल सोनखेड़ाकलां में कक्षा 9वीं एवं 10वीं का संचालन किया जाता है. विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समावेशी शिक्षा, जीवन कौशल, पर्यावरण शिक्षा, करियर काउंसलिंग तथा सतत एवं व्यापक अधिगम मूल्यांकन जैसी गतिविधियों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है.

मुश्किल दौर से बदलाव की शुरुआत- वर्ष 2021-22 में विद्यालय में चोरी की घटना के बाद आवश्यक संसाधनों की कमी सामने आई. ऐसे समय में विद्यालय के शिक्षकों ने समस्या को चुनौती मानते हुए जनसहयोग का रास्ता अपनाया. शिक्षकों, ग्रामीणों, पालकों, मित्रों और प्रदेश के सहयोगकर्ताओं से संपर्क कर सहयोग राशि जुटाई गई. अब तक 3 लाख रुपये से अधिक का जनसहयोग प्राप्त हुआ, जिसका उपयोग विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित करने में किया गया.

25 किमी तक नहीं शिफ्ट किए बिजली के पोल

निर्माण के दौरान बड़ी लापरवाही आई सामने

नवभारत न्यूज

पडाना 28 अगस्त, सं. केंद्रीय सड़क निधि योजना के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की निगरानी में मऊ से तलेन तक लगभग 25 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया गया है. लेकिन निर्माण में अनदेखी की जा रही है. सड़क निर्माण के दौरान सड़क की ऊंचाई 3 से 4 फीट तक बढ़ा दी गई, लेकिन सड़क के ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइनों के पोल शिफ्ट नहीं किए गए. नतीजा यह है कि पूरे 25 किलोमीटर के दायरे में दर्जनों जगहों पर बिजली के तार सीधे सड़क को क्रॉस कर रहे हैं, जिनकी सड़क से ऊंचाई महज 18 से 20 फीट ही बची है. यह सड़क भोपाल जाने का सबसे सरल मार्ग होने से सबसे व्यस्त मार्ग है.

यहां से प्रतिदिन दर्जनों यात्री बसें, लोडेड ट्रक, ट्राले और ओवरहाइट वाहनों का आवागमन होता है. कम ऊंचाई पर झूलते हाईटेंशन तारों से किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है. बारिश में करंट उतरने



और तार टूटने का खतरा कई गुना बढ़ गया है. स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान खानापूर्ति कर सड़क तो बना दी, लेकिन सबसे जरूरी पोल शिफ्टिंग का काम छोड़ दिया और बिना सुरक्षा मानकों की अनदेखी की. ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और ऊर्जा विभाग से मांग की है कि तत्काल मौका मुआयना कर बिजली के पोलों को सड़क से सुरक्षित दूरी पर शिफ्ट किया जाए और लाइनों की ऊंचाई बढ़ाई जाए.

बबलू को मिली आर्थिक सहायता

राजगढ़ 28 अगस्त, का. अनुविभागीय अधिकारी नरसिंहगढ़ अजय पटेल द्वारा तहसीलदार नरसिंहगढ़ के प्रतिवेदन/अभिमत के आधार पर ग्राम सवासी निवासी योगेश की तूफान व अधिक वर्षा से पक्के मकान का छज्जा गिर जाने से छज्जे के नीचे दबकर मृत्यु हो जाने के कारण वैध वारिस पिता बबलू को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई.

पचोर-नरसिंहगढ़ रोड़ बना राहगीरों की आफत

आए दिन हादसे हो रहे, पीडब्ल्यूडी नहीं कर पाया इंतेजाम

नवभारत न्यूज

बोड़ा 28 अगस्त, सं. लोक निर्माण विभाग की घोर लापरवाही के चलते पचोर से नरसिंहगढ़ को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है.सड़क पर जगह-जगह 1 फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं, जो बारिश के पानी से भरकर तालाब में तब्दील हो गए हैं. यह रोड राजगढ़ जिले की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक है. इसी रोड से सैकड़ों स्कूली बसें, एम्बुलेंस और यात्री बसें रोज गुजरती हैं, लेकिन गड्ढों की वजह से वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है.

रोजाना हादसे, विभाग मौन

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 6 महीनों से सड़क की मरम्मत नहीं हुई है. बाइक सवार रोजाना गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं. रात के समय तो गड्ढे दिखाई भी नहीं देते, जिससे हादसे का खतरा और बढ़ जाता है. पचोर के एक दुकानदार ने बताया कि हम शिकायत करके थक चुके हैं. रोड की दुर्दशा को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. लोगों ने चेतावनी दी है 15 दिनों के अंदर रोड की मरम्मत शुरू नहीं हुई तो पचोर-नरसिंहगढ़ रोड पर चक्काजाम किया जाएगा.

अंचल में सौहार्द्र के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

जीरापुर 28 अगस्त, सं. हर त्यौहार का अपना अलग अलग महत्व है इसी में श्रावण मास कि पूर्णिमा को रक्षाबंधन पर्व जो भाई बहन के पवित्र प्रेम एवं स्नेह के बंधन से जुड़े हुआ पर्व हैं. नगर सहित अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया. सुबह से ही हर घर में उत्सव का माहौल बना रहा और बहनें सज-धज कर अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने

पहुंची. बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की. भाइयों ने भी बहनों को जीवन भर रक्षा का वचन देते हुए उपहार भेंट किए. इस पवित्र त्योहार को लेकर बाजारों में भी दो तीन पहले से दिनभर रौनक बनी रही. इस त्यौहार रक्षाबंधन पर जीरापुर के धोबी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 8 में भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की अनोखी मिसाल देखने को मिली. यहां हिंदू बहन संजू बैरागी ने अपने मुंहबोले मुस्लिम भाई मोहम्मद इरफान की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र की दुआ की. इतना ही नहीं, संजू बैरागी ने इरफान के पूरे परिवार को भी राखी बांधी और मिठाई खिलाकर त्योहार की खुशियां सांझा की. इस आत्मीय दृश्य से भाईचारे का संदेश गया वहीं मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया. यह वाकया इस बात का प्रमाण है कि त्योहारों का संबंध किसी धर्म या मजहब से नहीं, बल्कि दिलों के पवित्र रिश्ते और आपसी भाईचारे से है.

रक्षाबंधन पर स्कूल में छात्राओं ने बनाए रक्षा सूत्र

केके मेमोरियल स्कूल की अनूठी पहल

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 28 अगस्त, का. रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर के.के. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में छात्राओं के लिए रचनात्मक एवं गतिविधि-आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में छात्राओं को पारंपरिक रक्षा सूत्र (राखी) बनाने का प्रशिक्षण दिया गया.

जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. विद्यालय के प्राचार्य तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं त्योहारों से जोड़ने के लिए समय-समय पर गतिविधि आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. प्राचार्य ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक पर्व है. कार्यक्रम में इंचार्ज मेघा रानी, अलीशा , रेखा भिलाला,बेबी रानी, ममता मेवाडे सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा. छात्राओं ने विभिन्न रंगों एवं सजावटी सामग्री का उपयोग कर सुंदर रक्षा सूत्र तैयार किए.

राज्य मंत्री पंवार को राखी बांधी

ब्यावरा 28 अगस्त, सं. रक्षाबंधन पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार को उनके निवास पर ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दीदी ने राखी बांधी.

राज्य मंत्री टेटवाल को रक्षा सूत्र बांधे

सारंगपुर 28 अगस्त, सं. रक्षाबंधन पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को उनके निवास पर ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दीदी ने राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया. इस दौरान धर्मेंद्र वर्मा, दिनेश प्रजापति, सुमित सेन आदि उपस्थिति थे.

तलेन 28 अगस्त, सं. सेवा केन्द्र द्वारा तलेन थाना में रक्षाबंधन पर्व पर थाना प्रभारी एवं नायब तहसीलदार रक्षा सूत्र बांधते हुए स्थानीय आश्रम की ब्रह्माकुमारी दीदी.

दूसरे

ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र पर हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

कलाई पर बांधी अध्यात्म की डोर, हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन

नवभारत न्यूज

राजगढ 28 अगस्त, का. ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र, राजगढ़ में रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पूर्व विधायक रघुनन्दन शर्मा, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, जिला कांग्रेस के पूर्व महामंत्री राशिद जमील एवं ब्रह्माकुमारीज़ की राजगढ़ जिला प्रभारी मधु दीदी विशेष रूप से उपस्थित रहे.

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों का तिलक लगाकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत करने के पश्चात दीप प्रज्वलित कर किया गया.कार्यक्रम में कुमारी अवनी एवं यशस्वी ने रक्षाबंधन के पावन पर्व एवं भाई-बहन के

पचोर. सांसद रोड़मल नागर को उनके निवास पर ब्रम्हाकुमारी बहनों ने राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया.

प्रेम पर आधारित सुंदर नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया.

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बहन द्वारा भाई के मस्तक पर लगाया जाने वाला तिलक आत्म-स्मृति का प्रतीक है. कलाई पर बांधा जाने वाला रक्षा सूत्र पवित्रता का प्रतीक है और भाई द्वारा बहन की रक्षा करने का संकल्प इस पर्व की विशेषता है.

रक्षाबंधन केवल सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि परमात्मा द्वारा मनुष्य आत्माओं को दिए गए पवित्रता के वचन की याद दिलाने वाला पर्व है. आत्माओं के सच्चे रक्षक सर्वशक्तिमान परमात्मा हैं, जो हर परिस्थिति में हमारी रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने जीवन में पवित्रता, सकारात्मकता और ईश्वरीय स्मृति को धारण करें तो हमारा जीवन सुख, शांति और शक्ति से भर जाता ह. उपस्थित अतिथियों ने भी रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं.

कार्यक्रम के अंत में पधारे सभी भाई-बहनों को रक्षा सूत्र बांधा गया तथा सभी को ईश्वरीय प्रसाद वितरित किया गया. कार्यक्रम के पश्चात बहनों ने एसडीएम सुशील कुमार , तहसीलदार विनीत गोयल, महिला थाना प्रभारी कुसुम वासकरें कार्यालय व एक दिन पूर्व एसबीआई बैंक में जाकर पवित्र रक्षा सूत्र बांधकर शुभकामनाएं दी.

पेड़ों से बंधा रक्षा का धागा

पड़ाना 28 अगस्त, सं. रक्षाबंधन पर जहाँ हर तरफ भाई-बहन के प्यार की बात हो रही थी, वहीं नगर के एक स्कूल में रक्षा का असली मतलब सिखाया गया. यहाँ नन्हें हाथों ने कलाई नहीं, पेड़ों के तनों पर राखी सजाई. नगर के शिशु विहार स्कूल के प्रांगण में छात्र-छात्राएं अपनी शिक्षिकाओं के साथ कतार में खड़े थे. उनके

हाथों में बाजार की चमक-दमक वाली राखियां नहीं, बल्कि खुद बनाई हुई बीज वाली इको-फ्रेंडली राखियां थी. कक्षा 5 की छात्रा महक धनगर ने कहा, पेड़ हमें छाया देते हैं, फल देते हैं, हमें ऑक्सीजन देते हैं. ये हमारे बड़े भाई जैसे ही तो हैं, इसलिए आज हमने इनकी रक्षा का वादा किया है. स्कूल प्रबंधन द्वारा इस पहल को वृक्ष-रक्षाबंधन नाम दिया गया. शिक्षिकाओं ने बताया कि इसका मकसद बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ संस्कार और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी सिखाना है. जब राखी बंध गई तो पूरे परिसर में बच्चों ने पेड़ों को गले लगाकर थैंक यू ट्री कहा. सच ही कहा गया है, जब धागा पेड़ों से बंधता है तो त्योहार सिर्फ परंपरा नहीं रहता, भविष्य की सुरक्षा बन जाता है.